तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार, 3 मई 2026

4 सरिया में 100 बिस्तर वाले नवीन अस्पताल का भूमि पूजन आज





## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

**जांजगीर-चांपा**। टांगी से वार कर एक व्यक्ति की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला सेशन जज जयदीप गर्ग ने सुनाया है। इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवंबर 2023 को थाना मूलमुला के गायक उपनिरीक्षक प्रमोटर को देहात व्यक्ति की मूल राठौर ने अपने ससुर धरमलाल राठौर का शव होना बताया तथा अभियुक्त सतराम एक व्यक्ति का रक्तरंजित अवस्था में शव पड़ा हुआ था. जिसे प्रार्थिया दीपित पटेल, रामकुमार पटेल एवं तिरीराम पटेल के द्वारा टांगी से मारकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। निरीक्षक सागर पाठक द्वारा नाजसी दर्ज किया गया। वापस थाना आकर नंबरी मर्ग सूचना एवं प्रथम सूचना पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट अंतर्गत एवं धारा 302, 34 भादवि के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय में कुल 14 गवाहों का कथन लेखब किया गया। टांगी से वारकर प्राणघातक हमला कर हत्या कारित किया गया है। अभियोजन सातियों का कथानक लिये जाने के पश्चात 14 अभियोजन साक्षियों के न्यायालयीन कथनों के विश्लेषण कर सेशन जज जयदीप गर्ग करने में सफल रहा है कि उनके द्वारा आपस में मिलकर एक-दूसरे के सामान्य आशय में सेशन जज, जांजगीर द्वारा अभियुक्तगण के विरूद्ध संदेह से परे यह आरोप प्रमाणित मृतक धरमलाल राठौर पर टांगी से प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कारित किया है। सिद्धदोष अपराध की प्रकृति तथा विधि द्वारा नियत राजा को देखते हुए अभियुक्तगण तिरीथ राम पटेल पिता देउवा उम्र 66 वर्ष, रामकुमार पटेल पिता तिरीथराम पटेल उम्र 30 वर्ष संतराम पटेल पिता तिरीथराम पटेल उम्र 47 वर्ष तीनों निवासी ग्राम नरियरा वार्ड क्रमांक 5 थाना मुलमुला को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास एवं 10 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

### कलेक्टर-एसपी ने नीट परीक्षा तैयारियों का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा**। कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल ने आगामी 3 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी को लेकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्रों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा, कानून-व्यवस्था ,पुलिस बल की तैनाती , केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र प्रभारी को भी निर्देशित किया कि निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर शशि चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाड़ी से सबमर्सिबल की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**बेल्हाडीह (सक्ति)**। बाड़ी से सबमर्सिबल पंप की चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम बेल्हाडीह का है। बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फिरंगी लाल खुंटे पिता स्व. महेत्तर राम खूंटे उम्र 59 साल निवासी बेल्हाडीह थाना बाराद्वार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के बाडी में रखे सबमसिंबल पंप को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए।

## भोजनालय व रेस्टोरेंट में 15 फीसदी तक बढ़ेंगी थाली व नाश्ते की कीमतें

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में लगी आग, बाहर खाना हुआ महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मई की शुरूआत में ही कमर्शियल गैस सिलेण्डर की कीमतों में सीधे 993 रूपए की बढ़ोत्तरी ने हर व्यक्ति की जेब पर कड़ी चोंट पहुंचाई है। एक ओर जहां भोजनालय व रेस्टोरेंट संचालक थाली और नाश्ते की कीमतों में करीब 15 फीसदी तक बढ़ोत्तरी करने पर विचार कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर सड़क किनारे ठेले-खोमचों में नाश्ता सेंटर चलाने वाले छोटे व्यवसायियों और कैफे संचालकों ने अपनी मीनू की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। यानी बाहर खाना अब और महंगा हो जाएगा।

गौरतलब है कि ईरान और अमेरिका के बीच जंग और इससे बढ़ते बैश्विक ऊर्जा तनाव के बीच कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है. यह बढ़ोतरी 1 मई से लागू हो चुकी है। अब इस असर भी दिखने लगा है। शहर के लगभग सभी भोजनालाय, रेस्टोरैंट व कैफे संचालकों ने आगामी एक से दो दिनों में ही थाली यानी चावल, दाल, सब्जी, रोटी से लेकर नाश्ते तक की कीमतों में 10 से 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी करने पर विचार किया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुए इस इजाफे की वजह से बाहर खाना-पीना महंगा होना तय माना जा रहा है, क्योंकि बढ़ती लागत का बोझ सीधे ग्राहकों पर डाला जाएगा। तेल कंपनियों द्वारा 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम अब जिले में 3 हजार 333 रूपए तक पहुंच चुके हैं, जो 1 अप्रैल की स्थिति में 2 हजार 300 रूपए हुआ करते थे। रायगढ़ गैस सर्विस के संचालक श्रीकांत सोमावार ने बताया कि यह पहली बार है जब कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में एक ही बार सीधे 993 रूपए की बढ़ोत्तरी की गई है। इससे पहले हर माह कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 80 से 120 रूपए तक की बढ़ोत्तरी की जा रही है। करणी राजस्थानी भोजनालय के संचालक राहुल अग्रवाल ने बताया कि उनके गैस की कीमतें बढ़ने से आने वाले दिनों में थाली की कीमतों में बढ़ोत्तरी करने पर विचार कर रहे हैं। घर में खाना बनाना तो पहले जैसा ही रहेगा, लेकिन होटल या ढाबे में खाना अब महंगा हो जाएगा। इसका सीधा असर मध्यम वर्ग और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों की जेब पर पड़ेगा।

### पुरानी कीमतों पर सेवाएं देना मुश्किल

तुलसी होटल के संचालक विनय अग्रवाल ने बताया कि अब तक को कीमतें पुरानी हैं, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोत्तरी की वजह से उन्हें अपने मैन्यू में बदलाव करते हुए कीमतों में इजाफा करना होगा। जो आने वाले एक से दो दिनों के भीतर लागू हो जाएगा। होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय से ज्यादातर लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी बढ़ोतरी के बाद मौजूदा कीमतों पर ग्राहकों को सेवाएं देना मुश्किल हो जाएगा। यही वजह है कि कई जगहों पर पहले से ही दाम बढ़ाने पर विचार शुरू हो चुका है। ठेले-खोमचो में नाश्ता बेचने वाले छोटे व्यवसायियों ने पहले से ही 10 से 15 रूपए तक बढा दिया है।

### छोटे कारोबारियों पर सबसे ज्यादा असर

मुख्य बात यह है कि महंगाई की यह मार केवल बड़े होटल और रेस्टोरेंट तक सीमित नहीं है। शहर के चौक-चौराहों पर छोटे टी-स्टॉल, ठेला और नाश्ता सेंटर चलाने वाले दुकानदार इसकी वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उनके लिए कमर्शियल सिलेंडर में 993 रूपए की बढ़ोत्तरी से उनके पूरे दिन भर की कमाई पर सीधा असर पड रहा है। कई छोटे व्यवसायी अब अपने खर्च कम करने या दाम बढ़ाने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### घरेलू सिलेंडर की बढ़ेगी उपयोगिता

कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में इजाफा होने के बाद दोनों सिलेंडर की कीमतों में एक बड़ा अंतर आ गया है। इस अंतर ने प्रशासन की भी चिंता बढ़ा दी है। आशंका जताई जा रही है कि छोटे व्यवसायी अपनी लागत बचाने के लिए घरेलू सिलेंडर का घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में कर सकते हैं, जो नियमों के खिलाफ है। प्रशासन ने इस पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसे पूरी तरह रोकना चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है।



घटनास्थल पर मुआयना करती पुलिस, इनसेट में आरोपी।

## रुपए उधार नहीं लौटाने पर की युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**
- कापू थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हीचुआ का मामला

कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हीचुआ में छह वर्ष पहले उधार लिए 5 हजार रूपए को नहीं लौटाने पर युवक ने गला दबा कर ग्रामीण की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी ने साक्ष्य मिटाने का भी प्रयास किया, लेकिन सख्ती से की गई पूछताछ में आरोपी टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 27 अप्रैल की सुबह देवव्रत तुरी 30 साल की लाश उसके निर्माणाधीन आवास के पीछे बाड़ी में पड़ी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए विवेचना में जुट गई। इसी बीच पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों सहित कुछ संदिग्धों से पूछताछ शुरू की। मृतक देवव्रत के पिता चमराराम तुरी 60 वर्ष ने पुलिस को बताया कि देवव्रत की शादी ग्राम बेहरामार धरमजयगढ के निर्मला बसोड के साथ करीब 14 साल पहले हुई थी। उन दोनों के 4 बच्चे थे, लेकिन बीते करीब 2 सालों से देवव्रत और उसकी पत्नी के बीच अनबन होने से वह तीन बच्चों को लेकर अपने माइके में रहती है। उसका एक बेटा उनके साथ रहता है। घर में देवव्रत और उसके माता-पिता व बहन के साथ भी आये दिने विवाद होते रहता था। बीते 26 अप्रैल की रात को देवव्रत अपने कमरे में सो रहा था। 27 अप्रैल की सुबह उसका बेटा रणबीर उसके कमरे में गया तो देवव्रत नहीं था, ऐसे में वह अपने पिता को ढूंढते हुए घर के पीछे की बाड़ी में गया, तब वहां उसका शव पड़ा हुआ था। देवव्रत के दोनों हाथ की कलाई में तथा गले के पास और पीठ में काले गहरे निशान थे। उसके नाक से भी खून निकल रहा था। ऐसे में परिजनों ने देवव्रत की हत्या की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र करने में लग गए। दूसरी ओर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबत्र करते हुए जांच शुरू की गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों, ग्रामीणों और संदिग्धों से पूछताछ करनी शुरू की। इसी बीच पता चला कि गांव के करमसाय नगेसिया के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर देवव्रत का विवाद चल रहा था। मार्च महीने में इसी विवाद के कारण करमसाय अपने पूरे परिवार के साथ देवव्रत के घर पहुंचा। इस दौरान दोनों पक्षों में काफी विवाद हुआ बताया जा रहा है कि मारपीट भी हुई। ऐसे में पुलिस ने करमसाय नगेसिया पिता पतिराम नगेसिया 42 वर्ष से पूछताछ शुरू की। सख्ती से की गई पूछताछ मे करमसाय ने बताया कि करीब छह वर्ष पहले देवव्रत तुरी ने उससे 5 हजार रुपये उधार लिए थे, जिसे लौटने के बजाए वह लगातार टालता रहा। ब्याज सहित रकम बढ़ने और कई बार मांगने के बाद भी पैसा वापस नहीं मिलने से आरोपी के मन में पुरानी रंजिश थी। 11 मार्च को उसने पैसे वापस मांगने पर देवव्रत के माता पिता एवं उसकी बहन से गाली गलौच भी किया था। इस विवाद के बाद गांव में एक बैठक बुलाकर देवव्रत को रकम लौटाने को कहा गया था, लेकिन उसने पैसे वापस नही किए। इसी बीच बीते 26 अप्रैल की रात करीब 11 बजे शादी कार्यक्रम से लौटते समय करमसाय ने देवव्रत को उसके घर के पास देखा और पैसे वापस करने को कहने लगा, लेकिन इस बात को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ और उसने देवव्रत को जमीन पर गिरा दिया। जिसके बाद उसने देवव्रत की गला दबा कर हत्या कर दी और हत्या के बाद आरोपी ने शव को उठाकर घर के पीछे बाड़ी में फेंक दिया।




## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ



**सारंगढ़**। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय सांसद प्रतिनिधि अरुण गुड्डु के आतिथ्य में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ शुक्रवार शाम को सेजेस स्कूल प्रांगण में किया गया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेल किट और जूता ड्रेस आदि का वितरण किया गया। प्रशिक्षकों ने कराते का प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी में डेढ़ से 2 और ढाई महीने की छुट्टी का टाइम होता है। बच्चों के अंदर के हुनर और कौशल को मजबूत करने का यह सुनहरा अवसर है। इस समय का उपयोग अपने पसंदीदा खेल का चयन करें और मोबाईल के अनावश्यक उपयोग से दूर रहें।

जिले में खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 मई से 21 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेलभाठा मैदान और इनडोर स्टेडियम में नियमित होता रहेगा। इसमें छह खेल कराटे, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, योग शामिल है। विभाग द्वारा खेल सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। यह खेल प्रशिक्षण सुबह 5.30 से 8.30 बजे और शाम को 5 से 7 बजे तक दिया जाएगा। इसमें जूनियर, सब जूनियर बालक बालिका प्रवेश ले सकते हैं। आयु प्रमाण पत्र के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और अंकसूची को मान्य किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खेल प्रशिक्षक पीटीआई और वरिष्ठ खिलाड़ी इन खेलों से जो संबंधित और अच्छे जानकार है, वे बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के सेहत और खान-पान का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी खेल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा सहित अब्बास अली सैफी, कैजार हुसैन, गोल्डी नायक, विजेंद्र गुड्डु, ममता साहू, भुनेश्वरी गोपाल एवं नन्हे खिलाड़ी विशेष रूप से शामिल रहे।

## आंधी में गिरा पेड़, खंभा क्षतिग्रस्त, कई तार टूटे



**खास बात**
- केलो विहार कॉलोनी सहित आस-पास के मोहल्लो में 6 घंटे तक गुल रही बिजली

**रायगढ़**। शनिवार कोली दोपहर को आई तेज आंधी के कारण केलो विहार कॉलोनी के आपस मत्स्य पालन विभाग के सामने एक बिजली के खंभे पर बड़ा सा पेड़ गिर गया। जिससे कई तर टूट गए और खंभा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी वजह से इस पूरे इलाके में करीब 6 घंटे से बिजली व्यवस्था बाधित रही। वही सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त हुए खंभे पर गिरे पेड़ को हटाने का काम शुरू किया गया। पेड़ के गिरने से इस लाइन के बिजली तार भी टूट गए। ऐसे में केलो विहार कॉलोनी सहित पूरे इलाके में बिजली गुल रही। जिसकी वजह से गर्मी में लोग हलकान होते रहे। जिस बिजली के खंभे में पेड़ गिर था। उसे हटाने में ही बिजली विभाग को 6 घंटे लग गए। मोहल्ले वासियों ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे बिजली खंभे में पेड़ गिरा। मुख्य बात यह है कि मौके से बिजली विभाग का दफ्तर महज 100 मीटर भी नहीं है, लेकिन उन्हें संसाधन के साथ पहुंचने में ही 1 घंटे से अधिक वक्त लग गया। समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग के कर्मचारी पेड़ हटाने के काम में ही लगे रहे, यानि क्षतिग्रस्त हुए खंभे को बदलने में करीब 2 घंटे से अधिक समय लगने की बात कही जा रही है।

## मॉडिफाई साइलेंसर और तेज रफ्तार बाइक चलाने वाला युवक पकड़ा गया



**रायगढ़** । लैलूंगा पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज और तेज रफ्तार से वाहन चलाकर लोगों को परेशान करने वाले बाइक चालक पर कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक जब्त कर ली है।

ग्राम सरडेगा निवासी अशोक पैंकरा पिता गंगाराम पैंकरा 24 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक जीजे-10-सीके-7955 के स्टॉक साइलेंसर को बदलकर अत्यधिक तेज आवाज उत्पन्न कर रहा था तथा लैलूंगा हाई स्कूल मेन रोड जैसे सार्वजनिक स्थल पर तेज गति से वाहन चलाकर राहगीरों और मोहल्लेवासियों को परेशान कर रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बाइक सवार को पकड़ा और आरोपी बाइक सवार के खिलाफ धारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 11(2), 15 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 3/181, 5/180, 146/196 के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

## 5 संस्थानों में जांच, वैक्सीन भंडारण और कोल्ड चेन व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण



**खास बात**
- औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत हुई कार्वाई

**रायगढ़**। सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 11 मई तक जारी रहेगा।

इसी कड़ी में आज रायगढ़ शहर में वैक्सीन एजेंसियों के वैक्सीन संधारण एवं कोल्ड चेन की जांच और निरीक्षण की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अभियान के तहत रायगढ़ में कुल 5 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें जिला वैक्सीन स्टोर केजीएच रायगढ़, स्व. लखीराम अग्रवाल मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, स्व. लखीराम अग्रवाल मेमोरियल मेडिकल कालेज (ड्रग स्टोर), प्रमोद मेडिकल एजेंसी तथा अंकुर हॉस्पिटल टीवी टॉवर, रायगढ़ शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत 5 एजेसिंयो कां वैक्सीन भंडारण एवं कोल्ड चेन की सघन जांच/निरीक्षण किया गया।

### मुआवजा आंकलन में दोहरी नीति का प्रभावित ग्रामीणों ने लगाया आरोप

## अधिग्रहित भूमि का एक समान मुआवजा देने की मांग



**खास बात**
- गारे पेलमा कोल माइंस परियोजना का मामला

**रायगढ़**। गारे पेलमा कोल माइंस परियोजना के लिए अधिग्रहित जमीनों की मुआवजा राशि में असमानता होने और मुआवजा राशि के आंकलन में दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से एक समान मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की है।

इस संबंध में अपनी शिकायत जिला प्रशासन के समक्ष रखते हुए प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पेलमा, उरबा, हिंझर, जरीडीह, लालपुर, मडवाडूमर, सक्ता एव मिलूपारा का वर्तमान में सर्किल रेट अलग-अलग है। जबकि इन सभी गांवों की भूमि अधिग्रहण एसईसीएल द्वारा किया जा रहा है, लेकिन इसमें मुआवजा राशि की दर पेलमा, उरबा और मिलूपारा में अन्य प्रभावित गांवों की तुलना में ज्यादा है। जबकि अन्य गांव जरीडीह एवं हिंझर की अधिग्रहित भूमि की मुआवजा राशि काफी कम है। ऐसे में मुआवजा राशि में असमानता साफ तौर पर देखी जा रही है। जिसकी वजह से इन 8 गांवों के प्रभावित किसानों में इस मुआवजा के आंकलन को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है। प्रभावित किसानों का कहना है कि एक ही परियोजना के लिए इन गांवों की जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है, लेकिन मुआवजा राशि को लेकर इतनी असमानता समझ से परे है। यही वजह है कि वे समान मुआवजे की मांग शासन-प्रशासन से कर रहे हैं।

### कृषि मजदूर परिवार मुआवजे से अछूते

प्रभावित किसानों का कहना है कि इन प्रभावित गांवों में कई ऐसे कृषि मजदूर परिवार हैं, जिन्हें उनके गांव में आबादी पट्टा शासन की ओर से दिया गया था। वे वर्तमान में कृषि मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। किंतु उन्हें इस मुआवजे के लाभ से वंचित रखा गया है। ऐसी स्थिति में उनके पास जीवन यापन को लेकर संकट पैदा हो गया है। यही वजह है कि शासन इस वर्ग को भी उचित मुआवजा के साथ ही पुनर्वास नीति का लाभ देने की मांग की गई है।




Our Stars of JEE Session-II
RESULTS ही है, हमारी पहचान
ये सिर्फ रिजल्ट नहीं...
ACHARYA INSTITUTE
Ka statement hai
ADYA GUPTA 99.76 %ile PHY: 99.61 CHE: 99.76 MATH: 99.39
NATIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
PRASAN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
AIR 12770
AIR 12577
Cat.AIR 774
AIR 3813
AIR 6420
AIR 12665
हर मार्क के पीछे है Acharya का भरोसा
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.94 %ile PHY: 99.10 CHE: 94.26 MATH: 98.07
YASH CHANDANI 98.67 %ile PHY: 98.40 CHE: 97.43 MATH: 97.70
ADITI KRISMUCS 98.44 %ile PHY: 94.88 CHE: 99.01 MATH: 98.01
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87 MATH: 86.75
RAGHAV SINGH 97.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
SRIJAN SWARNAKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97 MATH: 92.01
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49 MATH: 86.79
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile PHY: 86.33 CHE: 96.33 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94 MATH: 67.66
ASTHA SONI 94.77 %ile PHY: 96.64 CHE: 91.81 MATH: 81.65
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile PHY: 91.88 CHE: 76.10 MATH: 95.29
MOKSHA TIWARI 92.90 %ile PHY: 90.52 CHE: 91.08 MATH: 92.37
OM VERMA 92.90 %ile PHY: 96.68 CHE: 92.96 MATH: 95.86
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13 MATH: 64.33
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile PHY: 87.87 CHE: 61.02 MATH: 96.52
99%+ 5 Students
98%+ 4 Students
95%+ 18 Students
36+ Students Advanced Qualified
Best "NEET" Results 2024
710 720 STATE TOPPER
AIR 364
FIRST RANK IN CHHATTISHGARH
PHY 180 180 CHE 175 180 ZOO 180 180 BOT 175 180
AIIMS BHOPAL
SHRISHTI GUPTA
3 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2550
ACHARYA KI SHRISHTI
छत्तीसगढ़ NEET TOPPER
705 720
PHY 180 180 CHE 180 180 ZOO 175 180 BOT 170 180
AIIMS HYDERABAD
GUNJAN MISHRA
2 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2575
663 720 ANANYA GUPTA JNM RAIPUR
647 720 AKSHAT JAISWAL GMC RAJNANDGON
644 720 SHUBH SHARMA GMC RAJNANDGON
640 720 ANISH DEWANGAN CIMS BILASPUR
630 720 SUBRAT JAISWAL GMC RAIGARH
617 720 SNEHA SINGH DEV JNM RAIPUR
Best "NEET" Results 2025
564 720 JANHVI JAIN JNM RAIPUR
561 720 AADYA KAUSHIK JNM RAIPUR
533 720 ASHFIYA ALI CIMS BILASPUR
492 720 VIDYA JAHNVI GMC RANCHI
506 720 HITESH NISHAD RAJNANDGAON
492 720 KRISHNA DEWANGAN GMC RAIGARH
100+ Student Selected in Govt. College & Many More...
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ADMISSION OPEN 2026-27
11th-12th NEW BATCH 7th MAY
IIT-JEE DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) 7TH MAY
NEET DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) NEW BATCHS - 7th MAY & 18th MAY
FOUNDATION NEW BATCH (6TH TO 10TH) 8th MAY
SUMMER COURSE 8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM STARTING FROM MAY 1st WEEK 2026
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION
AdPRAYAS

**खबर संक्षेप**

### कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश हेतु आवेदन 15 मई से

**अम्बिकापुर।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में शा. कन्या शिक्षा परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 22 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु कक्षा 5वीं एवं 8वीं में पंजीयन के लिए छात्राओं का ग्रेड ए होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्राओं को कार्यालय प्राचार्य शा. कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर में कार्यालयीन समय में पंजीयन कराना अनिवार्य है पंजीयन की तिथि 15 मई से 13 जून तक है। कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए उत्तीर्ण कक्षा 5वीं एवं 8वीं में ग्रेड ए की अंकसूची, आधार कार्ड, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी साथ लाना होगा एवं मोबाइल नम्बर नोट कराना आवश्यक होगा। कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रावीण्य सूची पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 6वीं के लिए कुल 35 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 28, अनुसूचित जाति 5,अन्य पिछड़ा वर्ग 2 सीट है। कक्षा 9वीं के लिए कुल 11 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 8, अनुसूचित जाति 3 है। वहीं कक्षा 11वीं के लिए 8 सीट है, जिसमें अनुसूचित जाति 6, अनुसूचित जाति 2 सीट है। सीटों की संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि एवं कमी हो सकती है।

### 25 ग्राम पंचायतों के लिए लगेगा शिविर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में कुल 30 क्लस्टर में शिविर आयोजित होंगे, जिसमें सभी विकासखण्डों में 24 एवं नगरीय क्षेत्र में 6 शिविर होंगे। इन शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं शासकीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र/प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे एवं आवेदन (मांग/शिकायत) लिए जाएंगे। जिसमें 25 ग्राम पंचायतों कांतिप्रकाशपुर, श्रीगढ़, बधियाचुआं, मानिकप्रकाशपुर, कंठी, करजी, सोहगा, बरटिकरा, शिवपुर, बकालो, खाला, कतकालो, सखौली, कुबेरपुर, आमादरहा, मोहनपुर, तिहपटरा, रेवापुर, पोड़पि, दरिमा, कोटेया, छिन्दकालो, लिबरा, करेया, महुआटिकरा के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बिकापुर होंगे।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से डिलीवरी बॉय की मौत

**वाड्रफनगर।** शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक डिलीवरी बॉय का काम करता था और अपने काम के सिलसिले में निकला हुआ था। इस दौरान बाईपास सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक बाइक समेत ट्रक के बीच में फंसकर लगभग 500 मीटर दूर तक घिसटता रहा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बड़कागांव निवासी 22 वर्षीय विनय देवांगन आ. मुकुंद देवांगन डिलीवरी बॉय का काम करता था। 1 मई को युवक अपनी बाइक से सामान डिलीवर करने के लिए वाड्रफनगर से महेवा की तरफ जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह बाईपास सड़क पर पहुंचा चुरैला नाले के समीप युवक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक यूपी 62 बीटी 1080 की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी।

पहाड़ी कोरवा परिवारों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

# जिले में पीएम-जन मन से बदली पीवीटीजी अंचलों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विशेष पिछड़ी जनजातिय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना का जिले में हो रहे प्रभावी क्रियान्वयन से निर्धारित लक्ष्य तीव्र गति से हासिल हो रहे हैं।

सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में यह योजना उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र को साकार करने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के विकास हेतु तैयार की गई पीएम-जनमन योजना को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुनियोजित कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है, जिसके उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। यह योजना विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सड़क और दूरसंचार जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के का उद्देश्य है।




### पीएम-जनमन अंतर्गत तेजी से हासिल किए गए लक्ष्य

पीएम-जनमन अंतर्गत तय किए गए लक्ष्यों के तेजी से हासिल किया जा रहा है। इसके तहत 11 बहुउद्देशीय केन्द्र बनाए गए, 1233 पक्के आवासों का निर्माण, जहरीले जीवों एवं मौसम की मार से राहत, जशपुर पीएम जनमन योजना के तहत 17 आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए 1 करोड़ 98 लाख की राशि स्वीकृत, 1474 अविद्युतिकृत घरों में विद्युतीकरण, लक्ष्य के विरुद्ध 101 प्रतिशत उपलब्धि, 43 घर सौर ऊर्जा से हुए रोशन, 14 मोबाइल टावरों की स्थापना, 146 कौशल एवं रोजगारपरक कार्य, 3378 आधार कार्ड बने, 8135 आयुष्मान भारत कार्ड, 465 किसान क्रेडिट कार्ड, बैंकिंग गतिविधियों से जोड़ने खोले गए 3290 बैंक खाते, 5601 लोगों के जाति प्रमाण-पत्र बने, 4070 हितग्राही पीएम किसान सम्मान निधि से हुए लाभान्वित, 70 महिलाएं पीएम मातृत्व वंदन योजना से लाभान्वित हुईं एवं 5830 राशन कार्ड बनाए गए।

### जल जीवन मिशन से पहाड़ियों तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

पहाड़ी एवं दुर्गम पीवीटीजी क्षेत्रों में स्वच्छ जल पहुंचाना बड़ी चुनौती थी। इसे देखते हुए पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत मास्टर प्लान तैयार किया गया। जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन से कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष गांवों में कार्य तेजी से संचालित हो रहा है। पहले हैंडपंप पर निर्भर ग्रामीणों को अब नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो पा रहा है, उसे जल जनित बीमारियों से प्रभावी बचाव संभव हुआ है।

### वनधन केन्द्र सन्ना में फॉक्सटेल बाजरा प्रोसेसिंग यूनिट

सन्ना स्थित पीवीटीजी वनधन केन्द्र में पीएम-जनमन योजना अंतर्गत फॉक्सटेल बाजरा को चावल में प्रोसेस करने हेतु आधुनिक मशीन स्थापित की जा रही है। इससे समुदाय को तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा और उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रोसेस किया गया उत्पाद छत्तीसगढ़ स्टेट माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फेडरेशन के मार्ट एवं संजीवनी के माध्यम से देशभर में विपणन किया जाएगा, जिससे होने वाली आय सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।

# जनगणना कार्य में लापरवाही सहायक शिक्षक निलंबित

**जशपुरनगर।** संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण भवन नंबरिंग एवं मकान सूचीकरण कार्य हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण हेतु तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी दुलदुला द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला में 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी दुलदुला के प्रतिवेदन कानूनगो जनगणना-2026 के अनुसार सत्यजीत निराला सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला सरहापानी बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए। इसके संबंध में चार्ज अधिकारी दुलदुला द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, लेकिन कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालयीन पत्र के माध्यम से सत्यजीत निराला को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने निर्देशित किया गया। लेकिन निराला ने किसी भी प्रकार का जवाब प्रस्तुत नहीं किया।

सत्यजीत निराला ने जनगणना जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों की अवहेलना की। उक्त कृत्य गंभीर लापरवाही, उदासीनता एवं कदाचरण के श्रेणी में आता है, जो छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के खिलाफ है। इसलिए सत्यजीत निराला को छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुलदुला नियत किया जाता है, तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### स्व जैन की स्मृति में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**जशपुरनगर।** सामाजिक सरोकारों और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन की स्मृति में पंचायत स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 'मनोरा 2026' का आयोजन 3 मई रविवार से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शाम 6:30 बजे बैरागी पेट्रोल पंप के सामने मनोरा में होगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन 'ड्रीम 11 मनोरा' आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों की क्रिकेट टीमें भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। रात्रिकालीन आयोजन होने के कारण प्रतियोगिता में आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की गई है, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत उपस्थित रहेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, यश प्रताप सिंह जूदेव, विजय आदित्य सिंह जूदेव, शांति भगत, अरविंद भगत एवं गंगा राम भगत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि, प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना है।

# नेशनल लोक अदालत 9 मई को, तैयारी को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में होने वाले आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय जशपुर एवं अधीनस्थ न्यायालयों के मध्य जिला न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में फिजिकल व वर्चुअल माध्यम से बैठक हुई।

बैठक में संतोष कुमार तिवारी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पत्थलगांव, भानु प्रताप सिंह त्यागी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, जनार्दन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सुमन सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, श्वेता बघेल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी कुनकुरी, अंकिता यदु न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी बगीचा, श्वेता अवस्थी न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी पत्थलगांव, दिव्या गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी जशपुर, चौताली खांडेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ प्रथम श्रेणी जशपुर, पूनम नशीने न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ द्वितीय श्रेणी जशपुर, एवं नेहा तिर्की न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ तृतीय श्रेणी जशपुर उपस्थित रहे।

# सावित्रीबाई फुले महासंघ की राज्य इकाई का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ भारती बनीं प्रदेश अध्यक्ष, नीलम को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ नई दिल्ली के द्वारा संगठनात्मक विस्तार के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य इकाई का गठन कर राज्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम राजधानी रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा सांसद व अध्यक्षता महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर ने किया। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं सकर्म जिला पंचायत रायपुर, डॉ सारिका एस गंगा राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सहसचिव कल्पना बुतरेड्डी, अनसूया देवी पीएस, भाग्याम्मा, सिधोज कविता, राजश्री ए सज्जेश्वर, राष्ट्रीय संगठन सचिव प्रभावती एल, शांताबाई बिरादर एवं अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्र, डॉ मनीषा वत्स, विष्णुदत्त बघेल, रूचि वर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक लोकेश कुमार वर्मा उपस्थित हुए।



राज्य इकाई के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय सहसचिव राजश्री ए सज्जेश्वर के द्वारा पद व दायित्व की शपथ दिलाई गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम वर्मा, उपाध्यक्ष सुमन जार्ज, सहसचिव सरोजनी देवी साहू, नीता यादव, शीतल बैस, संगठन सचिव गीता साहू, अम्बिका वर्मा, संभाग अध्यक्षों के रूप में दीप्ती दीक्षित, श्वेता ठाकुर, संतोषी डनसेना, भुनेश्वरी लहरे एवं सईदा खान ने शपथ ली।



# जशपुर में जल माफिया में मचा हड़कंप, 2 बोरवेल मशीनें जब्त

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा तहसील अंतर्गत बीमडा गांव में अवैध बोरवेल खनन के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो बोरवेल मशीन ट्रकों को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई ग्रामवासियों की शिकायत के बाद की गई, जिसमें बिना अनुमति के बोर खनन किए जाने की जानकारी दी गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीमडा निवासी अजय लकड़ा पिता सिमोन लकड़ा अपनी निजी जमीन पर बिना अनुमति के बोरवेल खनन करवा रहा था। मामले की सूचना मिलते ही बगीचा एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। निर्देश के तहत पटवारी को मौके पर भेजा गया, जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वाहन सीजी 13 एएच 1381 और सीजी 13 एएम 1667 के माध्यम से बोरवेल खनन किया जा रहा था। जांच में बोर खनन के लिए किसी भी प्रकार की वैधानिक अनुमति नहीं पाई गई। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बोरवेल मशीन ट्रकों को जब्त कर बगीचा थाना में सुरक्षित रखा है।

# मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग के मामले में पुलिस ने जोड़ी गंभीर धाराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुकेश पटाखा व प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग के मामले में अब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम व अन्य गैर जमानती धाराएं जोड़ दी है। इसे लेकर आईजी दीपक झा द्वारा एसएसपी को पत्र जारी किया गया था। इसके साथ ही गंभीर धाराएं नहीं जोड़ने को लेकर सीएसपी की टीप के साथ थाना प्रभारी व प्रकरण में अपराध कायमीकर्ता से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिसके बाद इस पूरे मामले में कार्रवाई की गई। बड़ी बात यह है कि प्लास्टिक, थर्माकोल और पटाखों से भरे गोदाम में लापरवाही पूर्वक किए जा रहे गैस वेल्डिंग से आग लगने की पुष्टि हुई है। 23 अप्रैल को राम मंदिर के सामने की गली में संचालित मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग लग गई थी। दुकान एवं गोदाम में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक एवं पटाखों का भंडारण होने के कारण आग तीन मंजिले दुकान एवं गोदाम में फैल गई थी। इस दौरान गोदाम में रखे पटाखों मे घंटों विस्फोट होता रहा जिससे आसपास के आधा दर्जन घरों एवं दुकानों में भी आग फैल गई थी तथा भारी नुकसान हुआ है। आग लगने से भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा गोदाम का पिछला हिस्सा गिर गया है। प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान की आग से प्रभावित प्रफुल्ल पाण्डेय ने मामले में कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़ित प्रफुल्ल पाण्डेय के आवेदन पर बीएनएस की मामूली धारा के तहत दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया था। क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधियों ने दुकान में पटाखा नहीं होने की बात कही थी। सामाजिक संगठनों के लोग प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप लगा रहे थे। मामले को लेकर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आईजी दीपक झा से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के साथ ही स्थिति पर चिंता जताई थी। मामले पर संज्ञान लेते हुए आईजी श्री झा ने एसएसपी को पत्र लिखकर कोतवाली थाना प्रभारी से बीएनएस की धारा 324, 326 छ एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 9 नहीं जोड़ने को लेकर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए थे।

# युवक को कुर्सी में बांधकर बेदम पिटाई का वीडियो वायरल होने के मामले में काउंटर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दो दिवस पूर्व जयनगर थाना क्षेत्र के मदनपुर में एक युवक को कुर्सी में बांध कर बेल्ट से बेदम पिटाई करने मामले में वायरल हुए वीडियो के बाद जयनगर पुलिस ने मामले में काउंटर अपराध दर्ज किया है।पूरा मामला युवती से मोबाइल में चैटिंग करने की बात को लेकर विवाद होना सामने आया है। इधर सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है और आरोपितों सहित दूसरे पक्ष के युवक के खिलाफ काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मारपीट घटना के शिकार हुए युवक श्याम मिलन पिता चिंतामणि निवासी मैनपाट थाना कमलेश्वरपुर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराया कि वह स्वयं के ट्रैक्टर से पिछले पांच दिनों से




मिट्टी ढोने का काम करने मदनपुर आया हुआ है।जहां उसकी पहचान एक युवती से हुई युवती ने उसे मोबाइल नंबर दिया और कहा कि लेबर का जरूरत होगा तो बताना इतने में इसने युवती का नंबर ले लिया ।इसी नंबर से पलास राय उर्फ डब्बू उससे लड़की बनकर मोबाइल में चैटिंग कर रहा था।30 अप्रैल को उसे मोबाइल से मैसेज कर पलास राय अपने घर बुला लिया। यहां पहले से उपस्थित अन्य लोग उसे पकड़ कर कुर्सी में बैठा कर नितिन, पलास राय सहित दो अन्य लोग पकड़ कर उसे बेल्ट से बेदम पिटाई की है। साथ ही मार कर दफना देने धमकी भी दी गई ।रिपोर्ट पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) 3(5) के तहत केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है ।वही दूसरे पक्ष की महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर स्वामी श्याम मिलन के खिलाफ बीएनएस की धारा296, 351(2) के तहत केस दर्ज किया है।

पेड़ पर लटक रहे 8-10 छत्ते, वन विभाग अनजान

# साहीडांड बाजार में मधुमक्खियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

साहीडांड के साप्ताहिक बाजार में शनिवार को मधुमक्खियों के हमले से अफरा-तफरी मच गई। बाजारडांड से सटे सेमर पेड़ पर पिछले कई महीनों से 8-10 बड़े मधुमक्खी के छत्ते लटके हुए हैं, जिन्हें हटाने की जहमत वन विभाग ने नहीं उठाई। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि बाजार की दुकानों के ठीक ऊपर सेमर के पेड़ पर दर्जनों छत्ते लटके हैं। साप्ताहिक बाजार में हजारों लोगों की भीड़ होती है, इसके बावजूद वन विभाग ने खतरे को नजरअंदाज किया। दोपहर 3 बजे अचानक आए तूफान के झटके से छत्तों से हजारों मधुमक्खियां उड़ गईं और बाजार में मौजूद लोगों



पर हमला बोल दिया। जान बचाने के लिए लोग ठेलों के नीचे और दुकानों में दुबक गए।हमले के बाद एक ग्रामीण गमछे से पूरा मुंह ढंककर बाइक के पास खड़ा है। बाजार में सन्नाटा पसरा है। वन विभाग की लापरवाही से व्यापारियों का नुकसान हुआ और लोगों की जान जोखिम में पड़ी।

### स्थानीय व्यापारियों की प्रशासन से मांग

बाजार के दुकानदारों ने वन विभाग के डीएफओ जशपुर से मांग की है कि, 24 घंटे के अंदर सेमर पेड़ से सभी छत्तों को सुरक्षित तरीके से हटाया जाए। साथ ही लापरवाह फील्ड अमले पर कार्रवाई हो।

# जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से गिरकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई एक महिला ने देर रात अस्पताल भवन की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। महिला को दर्द बुखार की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छत से गिरकर गंभीर महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला द्वारा आत्महत्या की गई या फिर किसी हादसे का शिकार हुई इसका पता नही चल सका है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम सेंदुर निवासी 51 वर्षीया कलेश्वरी पति रामधनी आयाम को 27 अप्रैल को जिला अस्पताल बलरामपुर में भर्ती कराया गया था। महिला को पेट दर्द बुखार की शिकायत थी। महिला का उपचार अस्पताल में चल रहा था। महिला के साथ अस्पताल में उसका पति रुका हुआ था। 1 मई की रात लगभग 1.30 बजे महिला का



घटना स्थल पर बिखरा खून, इनसेट में मृतिका।

पति रामधनी की नींद खुली तो महिला अपने बिस्तर पर नहीं थी। ऐसे में पति व परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। अस्पताल के बाथरूम और कमरों में उन्होंने कलेश्वरी बाई की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन अस्पताल के बाहर निकले तो महिला भवन के बाहर खून से लथपथ हालत में मिली थी। महिला जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से नीचे गिरी थी। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।

## खबर संक्षेप

### रमापति विद्यालय चंद्रपुर के पांचवी आठवीं का सर्वोत्कृष्ट परीक्षाफल



चंद्रपुर। छत्तीसगढ़ में जिला स्तर पर आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा 2026 में रमापति हायर सेकेंडरी स्कूल चंद्रपुर के 5वी एवं 8वीं हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के शानदार व सर्वोत्कृष्ट परीक्षाफल के तहत 5वी अंग्रेजी माध्यम के छात्र खिलेश पटेल 97.50 प्रतिशत, यश देवांगन 95.5 प्रतिशत, सिद्धार्थ देवांगन 95.05 प्रतिशत, नमन पटेल 94.2 प्रतिशत, कु. दिव्या माली 94.05 प्रतिशत, यश वैष्णव 93.6 प्रतिशत कुमारी लिली पटेल 91.3 प्रतिशत तथा 8वीं अंग्रेजी माध्यम से घनश्याम पटेल 96.35 प्रतिशत, नमन सोनहा 95.4 प्रतिशत, पीयूष राठिया 95.3 प्रतिशत, भानु प्रताप 92.85 प्रतिशत, कु. नितिमा मैत्री 92.4 प्रतिशत, मोक्ष देवांगन 92.33 प्रतिशत, कु. टिया कुमारी 92.2 प्रतिशत, शिवम देवांगन 92.1 प्रतिशत, कु. रागिनी महंत 92.01 प्रतिशत, मयंक पटेल 91.93 प्रतिशत, अदिति पटेल 91.8 प्रतिशत, कीर्ति सोनी 91.75 प्रतिशत, प्रिंस साहू 91.42 प्रतिशत, कोमल मेहर 90.6 प्रतिशत, घनेंद्र यादव 90.38 प्रतिशत मोना देवांगन 90.2 प्रतिशत,एवं कु.नीलम सिदार 90.07 प्रतिशत तथा 5वी हिंदी माध्यम से अंकिता कुमारी उरांव 94.15 प्रतिशत, कु. संध्या देवांगन 92.2 प्रतिशत, कु. लिली देवांगन 90.75 प्रतिशत, कु. प्रिया उरांव 89.75 प्रतिशत, टेशभ सारथी 88.5 प्रतिशत, एवं 8वीं हिंदी माध्यम से निकेश कुमार 92.6 प्रतिशत, राज देवांगन 92.07% प्रतिशत, केदार मेहर 91.3 प्रतिशत, हरीश गबेल 91.23 प्रतिशत, कु. खुशी निषाद 89.6 प्रतिशत, रोशन देवांगन 88.3 प्रतिशत, युवराज 88.07 प्रतिशत, अंक अर्जित कर अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किए हैं। विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई।

### वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



सरसीवा। कमल नयन बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसीवां का स्थानी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 1 मई दिन गुरुवार को मुख्य अतिथि नारायण साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि देवेश साहू नगर पंचायत पार्षद एवं श्री रामलाल साहू अभिभावक तथा प्रकाश सिंह राजपूत व्यावसायिक भटगांव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नारायण साहू ने कहा कि प्रत्येक भैया बहनों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और आगे बढ़ते रहने का प्रयास करना चाहिए तथा बोर्ड कक्षा में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को आगामी सत्र से 5000 देने की घोषणा भी की तथा इसी सत्र दशम एवं द्वादश में स्थान प्राप्त भैया बहनों को 26 जनवरी के दिन मेडल से सम्मानित करने को कहा। कक्षा दशम में प्रथम स्थान प्राप्त भैया रमन प्रधान एवं द्वादश में प्रथम स्थान प्राप्त बहन प्रतिभा दीवान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्राचार्य पंकज कुमार प्रधान ने बोर्ड कक्षा में स्थान प्राप्त भैया बहनों को बधाई देते हुए स्थानीय कक्षा में स्थान प्राप्त भाई-बहनों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सीमावर्ती क्षेत्र के निवासियों को बेहतर और बड़ी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगा


# सरिया में 100 बिस्तर वाले नवीन अस्पताल का भूमि पूजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल 3 मई को सरिया में 100 बिस्तर वाले नवीन अस्पताल भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से सरिया में शीघ्र ही 100 बिस्तर अस्पताल प्रारंभ होगा। इसके लिए 3 मई को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी की अध्यक्षता में अस्पताल का भूमि पूजन तीन मई रविवार को संपन्न होगा। इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन कार्यक्रम को लेकर अलर्ट है। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे पूरा किया है। वर्ष 2025-26 में ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में पास कर दी गई है। अब 3 मई को नवीन अस्पताल भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के पास ही 100 बिस्तर अस्पताल का भूमि पूजन किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि इस अस्पताल के स्थापित होने से क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि सरिया उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित है। 100 बिस्तर अस्पताल बन जाने से सीमावर्ती क्षेत्र के निवासियों को बेहतर और बड़ी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए अन्य शहरों में जाना नहीं पड़ेगा। नवीन अस्पताल भवन में मेडिकल स्टाफ के पद, मशीन ,उपकरण का नया सेटअप स्थापित होगा।

# मजदूर दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था ने मजदूरों का किया सम्मान



सरिया। श्रमिक दिवस के अवसर पर नगर के ब्रह्माकुमारी संस्था में श्रमिकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर संस्था संचालिका सुनयना बहन ने कहा कि कोई भी काम दुनिया में छोटा या बड़ा नहीं होता। आज विज्ञान जितना भी तरक्की कर ले। मशीनों को चलाने के लिए श्रमिक ही चाहिए। इसलिए एक मई को श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के योगदान को मान्यता देना तथा उन्हें देश की रीढ़ बताया गया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के प्रति समाज में सकारात्मक का भाव होना चाहिए । तभी जाकर हम सब का विकास संभव है। इस मौके पर श्रमिकों को ईश्वर की याद के साथ ही उपहार और प्रसाद वितरण किया गया।

सरिया में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 1 मई को श्रमिक दिवस मनाया गया। इस दौरान श्रमिकों को गमछा और संस्था के किताब भेंट कर सम्मान किया गया। संस्था के बहन शीतल ने कहा कि हमें अपने कार्य से सभी को सुख देना चाहिए। कभी भी मन में हीन भावना ना आए। सदा ही सुख देते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने परमात्मा का ध्यान का अभ्यास कराया और आग्रह किया कि प्रतिदिन कुछ समय परमात्मा की ध्यान अवश्य करें ।जिससे मन को शांति प्राप्ति होती है।

1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर संध्या के समय ब्रह्माकुमारी संस्था में श्रमिक दिवस पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, किसान, मजदूर उपस्थित थे। सभी को संस्था के द्वारा ईश्वरीय सौगात के साथ सम्मान किया गया। इस मौके पर मजदूरों ने कहा कि ऐसा सम्मान बहुत ही कम होता है। आज ब्रह्माकुमारी संस्थान ने जो उनका सम्मान किया। हम सभी तहे दिल से संस्था को धन्यवाद देते हुए। रतन पटेल, लेथ मिस्त्री, सुनील मेहर, निमाई सिदार, सहित अनेक श्रमिकों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया और संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कोसीर क्षेत्र में बेखौफ चल रहा अवैध शराब का कारोबार



कोसीर। कोसीर क्षेत्र में बेखौफ अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। चौक-चौराहे में खुले आम बिना भय के अवैध शराब बिकने से गांव की शांति भंग हो रही है। कोसीर ग्रामवासियों से चर्चा करने पर बताया कि शराब पीना और शराब बिक्री करना बहुत ही निंदनीय विषय है ग्राम पंचायत द्वारा गावं में शराब बिक्री पर प्रतिबंध भी लगाया गया है, लेकिन इसका भी कोई असर नहीं हो रहा है। नियम कानून को ताक मे रखकर बिना भय के अवैध शराब खुलेआम बिक रहा है। कम रेट में महुआ शराब भी जोरो से बिक रहा। आसानी से उपलब्ध होने के कारण महुआ शराब कोसीर ही नहीं अपितु पूरे क्षेत्र के गावं गावं में बिक रहा है। कोसीर क्षेत्र के कई ऐसे गावं तो जहाँ सुबह शाम महुवा शराब की लाइन लगा रहता है 25 रुपया गिलास मिलने के कारण महुआ शराब की बिक्री जोरा पर है, जिससे गावं की शांति भंग हो रही है। शराब पीकर लोग अनाप-शनाप गाली गलौज करते देखा जा सकता है। जिससे क्षेत्र वासी काफी परेशान हैं। खासतौर पर महिलाओं में काफी नाराजगी देखी जा रही है। कोसीर, रक्शा, मुडुवाभाठा, सिघनपुर सहित आस पास के गावं गावं में अवैध शराब की बिकी धड़ल्ले से हो रही। इन अवैध विक्रेताओं पर अंकुश लगने के बजाय और शह दिया जा रहा है। इन शराब माफिया के हौसले और भी बूलंद दिखाई दे हैं। आज गावं गांव में भले ही पीने के लिए पानी न मिले लेकिन महुआ शराब अवश्य मिलेगी।

# समर कैंप बना बच्चों की प्रतिभा का मंच
# 25 सरकारी स्कूल में सात दिवसीय शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट उत्थान के अंतर्गत 18 से 24 अप्रैल 2026 तक बड़े भंडार, सुपा एवं बुनगा संकुल क्षेत्र के 25 शासकीय विद्यालयों में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में 19 प्राथमिक एवं 6 माध्यमिक विद्यालयों के कुल 541 बच्चों ने सहभागिता की।

समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक क्षमता, आत्मविश्वास और व्यवहारिक कौशल को बढ़ावा देना रहा। शिविर के दौरान बच्चों के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए वर्ड मेकिंग, इंग्लिश डबल वर्ड, नंबर रिकॉग्निशन और स्टोरी टेलिंग जैसी गतिविधियाँ भी कराई गईं, जिनसे उनकी भाषा दक्षता, संप्रेषण क्षमता, स्मरण शक्ति और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहन मिला। साथ ही बच्चों ने लीफ आर्ट, क्ले मॉडलिंग, कठपुतली निर्माण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नारा लेखन, पेंटिंग और पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया। साथ ही पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से बच्चों ने स्वयं बर्ड फीडर भी तैयार किए। 25 अप्रैल को आयोजित मेगा समर कैंप समापन समारोह में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

■ 541 बच्चों की सहभागिता, जून के प्रथम सप्ताह में अगला कैंप

# आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



सरसींवा। कक्षा 5वीं के परिणाम में अल्का निराला ने 98 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राची सुमन 95.50प्रतिशत द्वितीय तथा आराधना लहरे एवं श्रद्धा लहरे 95 प्रतिशत संयुक्त तृतीय स्थान पर रहीं। ऑप 10 विद्यार्थियों में रश्मि भारद्वाज 94.50 प्रतिशत, रानी जांगड़े 94प्रतिशत, कुंजल साहू 93.50 प्रतिशत, रिहांश भारद्वाज 93प्रतिशत, साक्षी साहू 91.50 प्रतिशत, जवेन्द्र साहू 91प्रतिशत, अभिषेक रत्नाकर, आयुष खुंटे एवं हिमानी यादव 90.50प्रतिशत शामिल रहे।

कक्षा 8वीं में निसु सुरेन्द्र बघेल 96.33 प्रतिशत प्रथम, मयंक बघेल 94प्रतिशत, द्वितीय एवं रिद्धिमांजली जांगड़े 93.67प्रतिशत, तृतीय स्थान पर रहे। टॉप 10 में सृष्टि देवांगन 92.83 प्रतिशत, आदर्श साहू 92.67 प्रतिशत, आकाश साहू 92.17 प्रतिशत, करन बंजारा एवं प्रिंशी सुमन 91.83, चिन्मय साहू, खुशी साहू एवं किशन कुमार साहू 91.17, लोमन जांगड़े 90.50 एवं सुयश साहू 90.17 शामिल रहे।

# 1500 जरूरतमंदों को मिली स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूजः सक्ती




वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) संचालित चलित स्वास्थ्य इकाई अनेक बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सामुदायिक विकास परियोजना 'आरोग्य' के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघीतराई, ओड़ेकेरा और निमोही में संचालित स्वास्थ्य शिविरों के जरिए नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाया जा रहा है। इसके साथ ही शिविरों के जरिए जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां और चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिए जा रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 'आरोग्य परियोजना' के जरिए अब तक लगभग 1500 ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं दी गईं। परियोजना का क्रियान्वयन स्वयंसेवी संगठन पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से किया गया है। वेदांता के शिविरों से लगभग 7000 नागरिकों को उम्मीद की नई रौशनी मिली है। वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा कि ''स्वस्थ भारत बनाने के विजन के अनुरूप वेदांता पावर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सरकारों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, उद्योगों और समुदायों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। आरोग्य परियोजना के जरिए हमारा लक्ष्य जरूरतमंदों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना है ताकि उन्हें स्वस्थ व मजबूत जीवन जीने में मदद मिल सके। व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने कहा है कि चलित स्वास्थ्य इकाई से ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की दृष्टि से व्हीएलसीटीपीपी की पहल महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य की दिशा में वेदांता पावर प्रबंधन ग्रामीणों की हरसंभव मदद के लिए तत्पर है।

# सुशासन तिहार में होगा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

सारंगढ़। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार शासकीय कामकाज में पारदर्शिता, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सुशासन तिहार 01 मई से 10 जून 2026 के मध्य जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें जिले के नागरिक अपनी मांग, सुझाव और शिकायत प्रशासन को दे सकते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में शिविर अपरान्ह 3 से 6 बजे किया जाएगा। सारंगढ़ ब्लॉक में 5 मई को ग्राम उलखर, 13 मई को फर्सवानी, 18 मई को हरदी, 21 मई को उच्चभीठी, 28 मई को केडार, 4 जून को कपरतुंगा और 10 जून को गोडम में आयोजित किया जाएगा। बिलाईगढ़ ब्लॉक में सुशासन तिहार शिविर 4 मई को ग्राम धोबनी, 8 मई को बलौदी, 15 मई को गदहाभाटा, 22 मई को धाराशिव, 29 मई को खुरदरहा, 5 जून को मडकड़ी में आयोजित किया जाएगा। बरमकेला ब्लाक के ग्राम बड़े नवापारा में 6 मई को, हिर्री में 14 मई, कांदुर पाली में 20 मई को, भीखमपुरा में 27 मई को, झाल में 3 जून को शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में सुशासन तिहार शिविर नगर पालिका परिषद सारंगढ़ में 13, 19 और 22 मई, नगर पंचायत बिलाईगढ़ में 6,7,8 मई, सरसीवा में 7 मई, पवनी में 7 और 14 मई, सरिया में 14 और 20 मई, नगर पंचायत भटगांव में 5 मई, बरमकेला में 6,7 और 8 मई को आयोजित किया जाएगा।

■ नागरिक अपनी मांग, सुझाव और शिकायत प्रशासन को दे सकते हैं

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर,
10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### 20 से अधिक गाँवों के सैकड़ों छात्र होंगे लाभान्वित

# ग्रीष्मकालीन शिक्षा अभियान प्रयास लगातार तीसरे वर्ष शुरू



रायगढ़। अंचल के विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान, व्यक्तित्व विकास एवं उज्वल भविष्य निर्माण के उद्देश्य से अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट के तत्वाधान में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शिक्षा अभियान 'प्रयास' का लगातार तृतीय वर्ष भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि ग्राम बनोरा में पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के कर कमलों से अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। पूज्य बाबा जी के निर्देशन में अंचल के साधनविहीन परिवारों की मूलभूत आवश्यकता शिक्षा व चिकित्सा निःशुल्क मुहैया कराने की पहल निरंतर जारी है। ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु समर कैंप 'प्रयास' इसी संकल्प की एक सशक्त कड़ी है।

यह ग्रीष्मकालीन प्रयास केवल कोचिंग कार्यक्रम नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन, परिश्रम, संस्कार एवं सफलता के मूल मंत्रों पर आधारित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बन है। इस अभिनव पहल से प्रतिवर्ष सैकड़ों विद्यार्थी लाभान्वित होकर शैक्षणिक सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। इस वर्ष भी बनोरा, बेलेरिया, कोसमपाली, कुकुरदा, भोजपल्ली, साल्हेओना, डूमरमुड़ा, छुईपाली, जामगाँव, लोइंग,जुड़ा, सियारपाली, खैरपाली सहित 20 से अधिक ग्रामों के छात्र-छात्राएँ इस निःशुल्क अभियान से लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त कोतरलिया, महापल्ली, जामगाँव आदि आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी, गणित एवं विज्ञान जैसे चुनौतीपूर्ण विषयों का सरल, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क अध्यापन प्रदान किया जा रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा विषयवार अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट, शंका समाधान एवं परीक्षा उन्मुख तैयारी कराई जाएगी, जिससे विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ बोर्ड परीक्षाओं का सामना कर सकें। केवल शैक्षणिक मार्गदर्शन ही नहीं, बल्कि करियर काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्रों की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा पूज्य परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। भावना ऋतु अर्पिता ने स्वागत गीत गया वही साधना उर्मिला सुनंदा ने मंगलाचरण गया। वातावरण श्रद्धा, भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। श्री रामगोपाल शुक्ला ने सरस्वती वंदना के साथ उद्बोधन शुरू किया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त